# बिहार विधान परिषद

(200वां बजट सत्र)

## 04 मार्च, 2022

----

[शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला, संस्कृति एवं युवा विज्ञान एवं प्रावैधिकी ].

**कुल प्रश्न 21**

----

### पुस्तकों का प्रकाशन

*47 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि विश्वविद्यालय के छात्रों को अपनी प्रादेशिक भाषाओं में पाठ्यपुस्तकें और संदर्भ ग्रन्थ सुलभ कराने के उद्देश्य से सन 1970 में बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी की स्थापना की गई;

(ख) क्या यह सही है कि अकादमी द्वारा प्रकाशित 75 लाख रुपयों की महत्वपूर्ण पुस्तकें सन 2019 में आई बाढ़ में बर्बाद हो गई थीं;

(ग) क्या यह सही है कि बर्बाद हुईं पुस्तकों के दोबारा प्रकाशन हेतु 20 लाख रुपये की राशि अकादमी को मिली है लेकिन पुस्तकों का प्रकाशन अबतक नहीं हो सका है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो बर्बाद हुईं पुस्तकों का दोबारा प्रकाशन नहीं कराये जाने का क्या औचित्य है?

----

### कार्यालय के निर्माण का विचार

***48 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के कई जिलों में अभी भी शिक्षा विभाग के अधीनस्थ कार्यालय विद्यालयों में ही चल रहे हैं जिसके कारण विद्यालय प्रशासन बुरी तरह प्रभावित है;

(ख) यदि उपरोक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ऐसे जिलों को चिह्नित कर शिक्षा विभाग के लिए सर्वथा अलग कार्यालय के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## चहारदीवारी का निर्माण

***49 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के तरियानी प्रखंड के गंगा धर्मपुर हाई स्कूल एवं डुमरी कटसरी प्रखंड के श्यामधारी यमुना उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयागांव में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होता रहता है जिसके कारण बच्चे एवं बच्चियां पढ़ाई के दौरान असहज महसूस करते हैं;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों का चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## कम्प्यूटर शिक्षकों की पूर्ण नियुक्ति

***50 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बेल्ट्रॉन, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम द्वारा आउटसोर्सिंग पर लगभग 1832 कम्प्यूटर शिक्षकों की नियुक्ति ICT योजना के तहत की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि वर्ष 2017 में उन सभी कम्प्यूटर शिक्षकों को सेवा मुक्त कर

दिया गया जिस वजह से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं कम्प्यूटर शिक्षा से वंचित हो गये हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बताएगी कि सेवामुक्त किए जा चुके कम्प्यूटर शिक्षकों की पूर्ण नियुक्ति का कोई प्रस्ताव उसके समक्ष विचाराधीन है, और नहीं तो क्यों?

----

## पर्याप्त भवन एवं उपस्कर उपलब्ध कबतक

*51 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में अनुदानित माध्यमिक विद्यालय के समीप ही मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर माध्यमिक विद्यालय कर दिया गया है, जहां न तो पर्याप्त जमीन है और न ही भवन, जिससे छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है;

(ख) यदि उपरोक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उत्क्रमित मध्य विद्यालय को पर्याप्त भवन एवं उपस्कर कराना चाहती है?

----

## समाधान कब तक

*52 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि ऐतिहासिक रूप से बिहार शिक्षा का एक प्रमुख केन्द्र रहा है, नालंदा, ओदंतपुरी और विक्रमशिला के प्राचीन विश्वविद्यालयों की भूमि है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार के कई स्कूलों में, संसाधनों की बड़ी कमी है, क्लास रूम की कमी, बेंचों की कमी, शौचालय की कमी, पीने के पानी की कमी के कारण स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता में बहुत कमी आयी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि राज्य के सरकारी विद्यालयों में कितने बेंचों की कमी, कितने कक्षाओं की कमी है, कितने शौचालयों की कमी है, पीने के पानी की व्यवस्था की कितने स्कूलों में

कमी है और सरकार उनके समाधान के लिए क्या कर रही है?

----

## कार्रवाई

***53 प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **खान एवं भूतत्व** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार के राजस्व संग्रह के लिए विभाग को 2455 करोड़ रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि इस वित्तीय वर्ष में अबतक 850 करोड़ की राजस्व वसूली की गयी है, जो अधूरी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्धारित राजस्व वसूली लक्ष्य में सख्ती नहीं करने वाले पदाधिकारी पर कौन सी कार्रवाई करेगी नहीं तो क्यों?

----

## भुगतान कब तक

***54 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के 72 अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालय एवं बिहार राज्य मदरसा बोर्ड से सम्बद्ध मदरसों और बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड से संबद्ध संस्कृत विद्यालयों को अभी तक सरकार ने सातवें वेतनमान का लाभ प्रदान नहीं किया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार इन अल्पसंख्यक संस्थाओं को अनुदान की राशि का भुगतान कबतक करना चाहती है?

----

## उपस्कर उपलब्ध कब तक

***55 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के कई विद्यालयों को मध्य विद्यालय से उच्च विद्यालयों में उत्क्रमित कर दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में विद्यालय का भवन बनकर तैयार हो गया है, परन्तु अनेक विद्यालयों में उपस्कर (बेंच, डेस्क, अलमीरा) उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, जिस कारण छात्र-छात्राओं को नीचे जमीन पर बैठकर पढ़ना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के ऐसे उत्क्रमित विद्यालयों में शीघ्र उपस्कर उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विचार कब तक

***56 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बख्तियारपुर प्रखण्ड अन्तर्गत बाहापुर के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय को 10 +2 विद्यालय के रूप में (माध्यमिक कोड – 71831 व उच्च माध्यमिक कोड – U DISE 10281705104) में चयनित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा निविदा का निष्पादन कर उक्त विद्यालय का भवन निर्माण हेतु कार्यादेश दिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि इकरारनामा के संबंध में संसूचित के आधार पर सहमति प्रदान कर लगभग 2 माह पूर्व भवन निर्माण की सामग्री संवेदक द्वारा स्थल पर गिरायी जा चुकी है, परन्तु कार्य बाधित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बताएगी कि उक्त विद्यालय के भवन निर्माण कार्य पूरा कराने पर विचार करती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों है?

----

## अनुमति प्रदान कब तक

***57 श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मदरसा इस्लामिया शम्सुल होदा, पटना मान्यता प्राप्त प्राचीन एवं ऐतिहासिक शैक्षणिक संस्थान है जहां शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के कुल 35 (पैंतीस) पद स्वीकृत हैं;

(ख) क्या यह सही है कि माध्यमिक शिक्षकों के स्वीकृत पद पर एक भी शिक्षक के सेवा में नहीं रहने के कारण पढ़ाई ठप हो गई है एवं माध्यमिक खण्ड में ताला लग गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मदरसा इस्लामिया शम्सुल होदा, पटना में शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों के रिक्त पदों पर बहाली करने हेतु गवर्निंग बॉडी को शीघ्र ही अनुमति प्रदान करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## तिथि में सुधार

***58 डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत राज इंटर कॉलेज, बेतिया में श्री रमेश चन्द्र सिंह प्रयोगशाला सहायक के पद पर कार्यरत हैं;

(ख) क्या यह सही है कि खंड (क) में वर्णित प्रयोगशाला सहायकों को ज्ञापांक – 470, दिनांक – 26.07.2021 के आलोक में ए०सी०पी० का लाभ निर्गत किया गया जिसमें इनके योगदान की तिथि 13.07.1992 (कॉलम-07) अंकित किया गया है जबकि सेवापुस्ति में इनके योगदान की तिथि 13.03.1992 है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (ख) में वर्णित ए०सी०पी० लाभ विषयक निर्गत पत्र में योगदान की तिथि में सेवापुस्ति में दर्शायी गयी योगदान की तिथि के अनुसार अर्थात योगदान की तिथि – 13.03.1992 सुधार करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विकसित करने का विचार

***59 श्री सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा तथा विक्रमशिला विश्वविद्यालय प्राचीन समय से पूरे विश्व में शिक्षा के केन्द्र के रूप में जाना जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि नालन्दा विश्वविद्यालय को विकसित कर एक नई पहचान दी गई है;

(ग) क्या यह सही है कि नालन्दा विश्वविद्यालय की तर्ज पर विक्रमशिला विश्वविद्यालय को विकसित करने से हजारों छात्र लाभान्वित होंगे;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विक्रमशिला विश्वविद्यालय को विकसित करने का इरादा रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भूतलक्षी प्रभाव से लागू

***60 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि 1600 अतिथि सहायक प्राध्यापक राज्य के नौ विश्वविद्यालयों व इनके अंगीभूत महाविद्यालयों में कार्यरत हैं, उनकी नियुक्ति बिहार सरकार, शिक्षा विभाग के पत्रांक – ए 2 – 01/2014-1594, दिनांक – 20.08.2014 के आधार पर हुई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पत्रांक – ए 2 – 01/2014-1594, दिनांक – 20.08.2014 के क्रमांक 3 (Vii) में यह लिखा है कि नियमित नियुक्ति होते ही अतिथि/अंशकालिक शिक्षकों की सेवाएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी;

(ग) क्या यह सही है कि नये संशोधित संकल्प, पत्रांक – 15/ए 2 – 01/2014-925, दिनांक – 13.04.2021 के विषयांश और निर्गत होने की तिथि को देखें तो इस संकल्प पत्र के क्रमांक 3 (iii) की 11 महीने वाली या सेवा स्वीकृति की शर्त होनेवाली अतिथि सहायक प्राध्यापकों की नयी नियुक्ति के लिए है या पुराने नियुक्त कार्यरत अतिथि सहायक प्राध्यापकों पर भी लागू है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाएगी कि नये संकल्प के पत्रांक का क्रमांक 3 (iii) पुरानी नियुक्ति (जो हो चुकी है) पर भी लागू है तो इस नये संकल्प में कहां स्पष्ट किया गया है कि यह भूतलक्षी प्रभाव से लागू है, यदि हां तो कब से, नहीं तो क्यों?

----

## जमीन की व्यवस्था

*61 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या **कला, संस्कृति एवं युवा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण के बेतिया शहर में बेतिया राज की सामग्रियों को लेकर एक संग्रहालय की परिकल्पना आज से करीब 35 वर्ष पूर्व की गई थी, परन्तु अब तक यह संग्रहालय हवा में ही है;

(ख) क्या यह सही है कि इस संग्रहालय के नाम पर कर्मचारी एवं सुरक्षा गार्ड तक को वेतन एवं मानदेय आदि दिया जाता है परन्तु संग्रहालय का अपना भवन, मकान आदि कुछ नहीं है;

(ग) क्या यह सही है कि बेतिया राज की जमीन मिलने में राजस्व पर्षद, आरा द्वारा लगाई जा रही अड़चनों के कारण आज तक इस संग्रहालय को जमीन नहीं मिल सकी क्योंकि बेतिया की अधिकांश सरकारी जमीन बेतिया राज से संबंधित है;

(घ) क्या यह सही है कि बेतिया राज की जमीन के बारे में राज्य सरकार, आरा द्वारा नीतिगत निर्णय नहीं लिए जाने के कारण जमीनों का नाजायज अतिक्रमण हो रहा है परन्तु सरकारी संग्रहालय के लिए जमीन की व्यवस्था अब तक नहीं हो पाई है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेतिया संग्रहालय के लिए शहर के अंदर जमीन की व्यवस्था एवं इस पर भवन बनाना चाहती है ताकि सरकारी निर्णयों का कार्यान्वयन हो सके , यदि हां तो कबतक?

----

## जलकरों का हस्तांतरण

*62 **श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मंत्री, शिक्षा विभाग के ज्ञापांक संख्या – म०/बैठक 3/97-445, दिनांक – 04.03.2002 के पत्र के आलोक में उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार ने अपने पत्रांक – 429, दिनांक – 16.03.2002 के द्वारा राज्य के सभी विश्वविद्यालय के कुलपतियों को पत्र लिखा कि विश्वविद्यालय के नियंत्रणाधीन जलकरों को पशु एवं मत्स्य विभाग में हस्तांतरित किया जाय;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड (क) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या राज्य सरकार शिक्षा विभाग, बिहार, पटना विश्वविद्यालयों के नियंत्रणाधीन सभी जलकरों का हस्तांतरण पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग में करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## राशि का भुगतान

*63 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकेतर कर्मियों का करीब एक साल पूर्व ए०सी०पी० तथा एम०सी०पी० का 50 प्रतिशत भुगतान हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के रिटायर तथा वर्तमान शिक्षकेतर कर्मियों का ए०सी०पी० एवं एम०सी०पी० की शेष 50 प्रतिशत बकाया राशि का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाएगी कि वह कबतक शेष बची बकाया राशि का भुगतान करेगी?

----

## पेंशन का भुगतान

*64 **डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय क्षेत्रांतर्गत अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के बीच पेंशन भुगतान में देरी को लेकर

खासा आक्रोश है, चूंकि अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वे पूर्णरूपेण पेंशन पर ही आश्रित होते हैं जिसका भुगतान ससमय नहीं किया जा रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड (क) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय क्षेत्रांतर्गत अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के बीच पेंशन का ससमय भुगतान सुनिश्चित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## स्नातकोत्तर की पढ़ाई

***65 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के किसी भी कॉलेज में स्नातकोत्तर (पीजी) की पढ़ाई नहीं हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि नवादा जिला के होनहार विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर (पीजी) की पढ़ाई के लिए दूसरे जिलों और देश के अन्य राज्यों में विवश होकर जाना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवादा जिला में स्नातकोत्तर (पीजी) की पढ़ाई शुरू कराने की विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सुविधा के अनुसार स्थानांतरित

***66 डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के अन्तर्गत प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय की महिला शिक्षिकाओं का विगत दस वर्षों से स्थानान्तरण नहीं हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि शिक्षा विभाग के प्रावधान के अन्तर्गत उनको गृह प्रखण्ड एवं 5 किलोमीटर के अन्दर स्थानान्तरित करने का प्रावधान है;

(ग) क्या यह सही है कि पटना जिला में स्थानान्तरण नहीं होने के चलते उक्त विद्यालयों में शिक्षिकाओं के सेवानिवृत्त होने के बाद बहुत सारे पद रिक्त पड़े हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार महिला शिक्षिकाओं को उनकी सुविधा के अनुसार रिक्त पदों पर स्थानान्तरित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## बाल वर्ग दीदी का योगदान

***67 डा. एन. के. यादव (स्नातक कोशी):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
कृया मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) कृया यह सही है कि राज्य के प्राथमिक मध्य एवं मकतब विद्यालयों में सर्व शिक्षा अभियान के तहत बाल वर्ग दीदी ने 2003 से 2012 तक कार्य किया फिर सरकार ने इन्हें 2012 से हटा दिया;

(ख) कृया यह सही है कि पटना उच्च न्यायालय के निर्णय CWJC – 21251/12, MJC – 4512/14 एवं मानव संसाधन विकास विभाग भारत सरकार के आदेश FN – 14/01/2015-EE-11 के द्वारा इन्हें योगदान कराने का सरकार को आदेश दिया गया;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कृया सरकार बाल वर्ग दीदी का योगदान कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----